# जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से 11 की मौत

## उत्तर भारत में बारिश का कहर, नगालैंड में लैंडस्लाइड से 4 लोग मारे गए

- पुंछ, किश्तवाड़ और राजौरी में बाढ़ तबाही
- लैंडस्लाइड के चलते जन जीवन हुआ प्रभावित



**नई दिल्ली, 19 जुलाई. देश के कई हिस्सों में मानसून का प्रकोप लगातार जारी है. जम्मू-कश्मीर के पुंछ और किश्तवाड़ जिलों में शनिवार रात बादल फटने और उसके बाद आई बाढ़ तथा भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है.**

कई इलाकों में सड़क संपर्क और सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है. पुंछ जिले के सुरनकोट क्षेत्र में भूस्खलन के कारण एक मकान पूरी तरह मलबे में दब गया. हादसे के समय घर में मौजूद आठ लोगों में से दो वर्षीय बच्चे सहित पांच लोगों के शव बरामद किए गए. वहीं किश्तवाड़ के सुर्नू क्षेत्र में बादल फटने से कई मकानों, कृषि भूमि और स्थानीय ढांचे को नुकसान पहुंचा है. राजौरी जिले में लगातार बारिश के बाद नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई वाहन बह गए और निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई. खराब मौसम के चलते प्रशासन ने एहतियातन अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी है. भारतीय मौसम विभाग ने उत्तर भारत और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है. प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों के किनारे जाने से बचने, अनावश्यक यात्रा न करने और स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है.

### पहलगाम और बालटाल मार्ग से अमरनाथ यात्रा फिलहाल बंद

मौसम विभाग द्वारा खराब मौसम की चेतावनी जारी किए जाने के बाद अमरनाथ यात्रा को एहतियातन अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है .प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 19 जुलाई से पहलगाम और बालटाल, दोनों पारंपरिक मार्गों पर यात्रा रोकने का निर्णय लिया है .प्रशासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार, अगले निर्देश तक बालटाल और नुनवान/चंदनवाड़ी बेस कैंपों से किसी भी श्रद्धालु को आगे जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी. पहले से इन बेस कैंपों तक पहुंच चुके हैं, उन्हें भी मौसम अनुकूल होने तक आगे बढ़ने की अनुमति नहीं मिलेगी.

### नगालैंड में कई मकान क्षतिग्रस्त

नगालैंड के मोन जिले में रविवार को भारी बारिश के कारण हुए भीषण भूस्खलन में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में हुए इस हादसे से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया है। अधिकारियों के अनुसार, भूस्खलन की चपेट में आने से लगभग 15 मकान गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। अब तक चार शव मलबे से निकाले जा चुके हैं, जबकि कई लोगों की तलाश जारी है। लगातार बारिश और पहाड़ी क्षेत्र में बहते पानी के कारण बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। प्रशासन का कहना है कि हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा

# राजस्व विभाग में डिजिटल बदलाव से सेवाएं होंगी तेज : नायब सिंह

## हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**चंडीगढ़, 19 जुलाई. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग की सभी सेवाएं पारदर्शी, तकनीक आधारित और समयबद्ध हों ताकि नागरिकों को बिना देरी के सुविधाएं मिल सकें.**



उन्होंने सभी उपायुक्तों से राजस्व शिकायतों के निपटान की व्यवस्था को प्रभावी बनाने और साप्ताहिक समाधान शिविरों में तहसीलदारों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा. मुख्यमंत्री ने भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण को मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 40.20 करोड़ से अधिक पुराने राजस्व रिकॉर्ड डिजिटल किए जा चुके हैं, 99 प्रतिशत गांवों के नक्शों का जियो-रेफरेंसिंग कार्य पूरा हो चुका है और 25.16 लाख संपत्ति मालिकों को संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। पांच लाख से अधिक लंबित इंतकाल मामलों का निपटारा भी किया गया है ।उन्होंने सभी भूमि पंजीकरण कार्यालयों में वेटिंग रूम, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम और डिजिटल टोकन डिस्प्ले जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

> मुख्यमंत्री ने बैठक में एग्री स्टैक किसान रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए 15 अगस्त तक विशेष जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही डिजिटल फसल सर्वेक्षण की तैयारियों और आयुष्मान भारत व चिरायु हरियाणा योजना की प्रगति की भी समीक्षा की.

# चढ़ावा चोरी की स्वतंत्र जांच कराएं प्रधानमंत्री मोदी : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 19 जुलाई. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए चढ़ावे में चोरी के मामले में तत्काल स्वतंत्र जांच कराने, पूरा हिसाब सार्वजनिक करने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है.**



श्री गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि श्रीराम मंदिर में करोड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के साथ अपनी कमाई अर्पित की, लेकिन वहां हुई चंदा चोरी अब किसी से छिपी नहीं है. ट्रस्ट के हर सदस्य का चयन केंद्र सरकार ने किया था इसलिए इस मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी अस्वीकार्य है. उन्होंने श्री मोदी से आग्रह किया कि इस मामले की तत्काल स्वतंत्र जांच कराई जाए, ट्रस्ट का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाए.

## बांगलादेशी नागरिकों की सजा में संशोधन

**अगरतला.** त्रिपुरा उच्च न्यायालय ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के दोषी ठहराये गये नौ बंगलादेशी नागरिकों की सजा में संशोधन किया है. अदालत ने राज्य सरकार को स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार उन्हें बंगलादेश वापस भेजने की कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है. न्यायमूर्ति टी अमरनाथ गौड़ ने ऊनाकोटी और धलाई जिलों की सत्र अदालतों के फैसलों के खिलाफ तीन आपराधिक अपीलों का निपटारा करते हुए यह आदेश जारी किया है.

# इलाज के लिए सोनम को उठाना गलत नहीं

## निजी अस्पताल में शिफ्ट करने की याचिका खारिज

- वांगचुक की मांग पर हाईकोर्ट ने राहत नहीं दी
- बिगड़ती सेहत को देखते हुए इलाज उचित

**नई दिल्ली, 19 जुलाई. दिल्ली हाईकोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी.**



अदालत ने कहा कि वांगचुक की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती रखना केंद्र सरकार का मनमाना निर्णय नहीं माना जा सकता. मामले की सुनवाई जस्टिस मिनी पुष्करणा की एकल पीठ ने की. वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो की ओर से दायर याचिका में उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति देने की मांग की गई थी. सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वांगचुक का पक्ष रखते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है और न ही वे किसी हिरासत में हैं. ऐसे में उन्हें अपनी पसंद के अस्पताल में इलाज कराने का अधिकार मिलना चाहिए. उन्होंने बताया कि निजी अस्पताल मेदांता से भी बातचीत कर ली गई है और वांगचुक को वहां भर्ती कराया जा सकता है. वांगचुक को 18 जुलाई की सुबह आरएमएल अस्पताल से सफदरजंग अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया.

# नासिक में महिला की हत्या के बाद पूर्व प्रेमी ने की आत्महत्या

**नासिक, 19 जुलाई ( वार्ता ) महाराष्ट्र में नासिक के इंदिरा नगर में एक 21 वर्षीय युवती की उसके 26 वर्षीय पूर्व प्रेमी ने चाकू गोदकर और गला रेतकर बेरहमी से हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली.पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान वैष्णवी अवारे के रूप में हुई है.**

वह अमरावती की रहने वाली थी और नौकरी की तलाश में नासिक में एक पेइंग गेस्ट के रूप में रह रही थी.यह घटना 18 जुलाई की है, जब उसके पूर्व प्रेमी साहिल लवहारे ने विवाद के बाद वैष्णवी पर हमला किया.लवहारे पर एक धारदार हथियार से उसका गला काटने और फिर मौके से भाग जाने का आरोप है.वैष्णवी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.उसके अगले दिन 19 जुलाई की सुबह नासिक में जॉगिंग ट्रैक के पास एक पेड़ से लवहारे का शव भी लटका हुआ मिला.प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि लवहारे ने हत्या के बाद आत्महत्या कर ली.





देश के अग्रणी निजी विश्वविद्यालयों में से एक बिट्स पिलानी, जिसके कुलाधिपति कुमार मंगलम बिड़ला हैं, का वर्ष 2026 का दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ . समारोह की मुख्य अतिथि फ्लेक्स की सीईओ एवं बिट्स पिलानी की पूर्व छात्रा रेवती अद्वैती थीं . उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर ( USD 1 मिलियन ) के योगदान की घोषणा की .

# सहयोग-साझेदारी को मिलेगा बढ़ावा

## आसियान बैठकों में जुटेंगे क्षेत्रीय विदेश मंत्री

**वाशिंगटन, 19 जुलाई. अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो 19 से 23 जुलाई तक फिलीपींस की राजधानी मनीला की यात्रा पर रहेंगे, जहां वह दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन ( आसियान ) की उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लेंगे.**



अमेरिकी विदेश विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी. विदेश विभाग के अनुसार, रुबियो अमेरिका-आसियान पोस्ट-मिनिस्टीरियल सम्मेलन, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के विदेश मंत्रियों की बैठक और आसियान क्षेत्रीय मंच (एआरएफ) की विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे. वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र के कई देशों के वरिष्ठ अधिकारियों से द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे. अमेरिका ने कहा कि यह यात्रा स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने तथा क्षेत्रीय सहयोग और साझेदारी को मजबूत करने की उसकी विदेश नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है.

# जमीन के विवाद में एक बुजुर्ग की चाकुओं से गोद कर हत्या

**प्रयागराज, 19 जुलाई . उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के मेजा इलाके में जमीन विवाद में एक बुजुर्ग की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है।**

जानकारी के अनुसार बुजुर्ग पर शनिवार रात को चाकू से हमला किया गया था। वह रविवार दोपहर करीब एक बजे वह घायल मिले। परिजनों ने उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। यहां इलाज के दौरान शाम चार बजे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि आबादी की जमीन के विवाद में पड़ोसियों ने चाकू से हमला कर उनकी हत्या की है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला मेजा थाना क्षेत्र के भटौती मदरहा गांव का है। मूल रूप से भसुंदर के रहने वाले सूर्य बली (60) भटौती मदरहा गांव में रहते थे। परिजनों ने बताया कि कल रात अज्ञात लोगों ने सूर्य बली पर चाकू से कई बार हमला किया था। बड़े बेटे चिंता मणि ने आरोप लगाया है कि आबादी की भूमि को लेकर पड़ोसियों से कई दिनों से विवाद चल रहा था। उनका कहना है कि मृतक ने वर्षों पूर्व 18 विश्वा जमीन खरीदी थी, जिसके सटी हुई आबादी को विपक्षी हड़पना चाहते थे.

## बोट डूबने से 20 लोग हुए लापता

**पालू ( इंडोनेशिया ).**इंडोनेशिया में इस सप्ताह डूबी यात्री बोट नूरुल साल्सा से शनिवार शाम को पांच लोगों को सुरक्षित जिंदा बरामद किया गया है। हादसे के बाद से चल रहे बड़े पैमाने पर बचाव अभियान के बीच इन लोगों के मिलने से राहत मिली है, हालांकि अभी भी 20 लोग लापता हैं और उनकी तलाश लगातार जारी है। बोट में कुल 78 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे, जो बुधवार को दक्षिण सुलावेसी प्रांत के सेलायार द्वीप समूह के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। बचाव दल ने शनिवार देर रात पांच लोगों को समुद्र में मछली पकड़ने वाले जाल को पकड़े हुए पाया। सभी जीवित लोगों को तत्काल बाहर निकाला गया.

# युद्ध कौशल सीखेगी भारतीय सेना

## आज से डार्विन में एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2026 शुरू करेगी

**नई दिल्ली, 19 जुलाई. भारतीय वायु सेना ( आईएएफ ) रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स ( आरएएएफ ) बेस डार्विन में एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2026 शुरू कर रही है. रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 20 जुलाई से 7 अगस्त तक चलने वाला यह अभ्यास पिच ब्लैक, आरएएएफ का प्रमुख द्विवार्षिक बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभ्यास है.**

इसका नाम 'पिच ब्लैक' उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के विशाल निर्जन क्षेत्रों में रात्रि उड़ान विशेष अभियान के कारण रखा गया है ।अभ्यास के 45 वर्षों के लंबे इतिहास में, इस संस्करण में बड़ी संख्या में प्रतिभागी बल शामिल हैं, जो जटिल बड़े बल प्रयोग और बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभियानों के लिए सैन्य कर्मियों को एक साथ ला रहे हैं. भारतीय वायु सेना की टुकड़ी में पायलट, इंजीनियर, तकनीशियन, नियंत्रक और अन्य विशेषज्ञ सहित उच्च कुशल वायु योद्धा शामिल हैं.यह टुकड़ी राफेल मल्टीरोल लड़ाकू विमान का संचालन करेगी, जिसे सी-17 ग्लोबमास्टर-और आईएल-78 वायु-से-वायु ईंधन भरने वाले विमानों का समर्थन प्राप्त होगा.यह अभ्यास भाग लेने वाली सेनाओं को अंतर-संचालनीयता बढ़ाने, बल एकीकरण को मजबूत करने और वैश्विक परिदृश्यों में सहयोगात्मक संचालन की दिशा में परिचालन सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करेगा। गौरतलब हो, अभ्यास पिच ब्लैक 26 लंबी दूरी पर अभियान संबंधी हवाई अभियानों को परखने, बहुराष्ट्रीय अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पेशेवर साझेदारियों को मजबूत करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है.

# अभियान के तहत 68 हजार तस्कर गिरफ्तार

## 319 करोड़ की संपत्तियां जब्त

**चंडीगढ़, 19 जुलाई. पंजाब पुलिस के राज्यव्यापी नशा विरोधी अभियान युद्ध नशियां विरुद्ध के 500 दिन पूरे होने पर पुलिस ने दावा किया है कि इस दौरान 68,850 से अधिक नशा तस्करों को गिरफ्तार, 319 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियां जब्त और 52,432 एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज किए गए हैं.**

पुलिस का कहना है कि सख्त कार्रवाई, जनभागीदारी और जागरूकता पर आधारित रणनीति के कारण राज्य में नशा तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को को बताया कि 1 मार्च 2025 को शुरू हुए इस अभियान के तहत अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 52,432 एफआईआर दर्ज की गई हैं. इस दौरान 68,850 से अधिक नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 629 बड़े तस्कर भी शामिल हैं. इन तस्करों के पास से दो-दो किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 करोड़ रुपये है. डीजीपी ने बताया कि कार्रवाई के साथ-साथ राज्य सरकार ने नशे के आदी लोगों के पुनर्वास पर भी जोर दिया है. एनडीपीएस एक्ट की धारा 64ए के तहत 10,917 लोगों को अभियोजन से छूट देकर इलाज और पुनर्वास का अवसर प्रदान किया गया.

> एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नीलाभ किशोर ने बताया कि अभियान के दौरान नशा तस्करी से अर्जित 319 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां अटैच या जब्त की गईं . इसके अलावा नशे की कमाई से सरकारी जमीन पर बनाए गए अवैध निर्माण भी ध्वस्त किए गए . उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई नशा तस्करों और उनकी अवैध संपत्ति के खिलाफ पंजाब पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति का स्पष्ट संदेश है . अभियान के दौरान शुरू की गई सेफ पंजाब एंटी ड्रग हेल्पलाइन (97791-00200) को भी बड़ी सफलता मिली है .

## आज का इतिहास

1296 : अलाउद्दीन खिलजी ने स्वयं को दिल्ली सल्तनत का सुल्तान घोषित किया, भारतीय मध्य कालीन इतिहास में एक नये दौर की शुरुआत हुई।

1761 : पानीपत के तीसरे युद्ध के बाद माधवराव प्रथम मराठा साम्राज्य के पेशवा बने। उनके नेतृत्व में मराठा शक्ति का पुनर्गठन हुआ।

1905 : ब्रिटिश सरकार ने बंगाल विभाजन को मंजूरी दी . यह निर्णय बाद में स्वदेशी आंदोलन और भारतीय राष्ट्रवाद के उभार का प्रमुख कारण बना .

1919: न्यूजीलैंड के पर्वतारोही और मधुमक्खी पालक सर एडमंड हिलेरी का जन्म, जिन्होंने 1953 में माउंट एवरेस्ट फतह किया।

## जमानत रद्द होते ही शिवसेना पार्षद ने किया सरेंडर

मुंबई, 19 जुलाई. महाराष्ट्र के ठाणे स्थित एक अस्पताल में महिला डॉक्टर से मारपीट के आरोपी शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे ने बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा जमानत रद्द किए जाने के बाद रविवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. हाईकोर्ट ने उन्हें शाम पांच बजे तक हर हाल में सरेंडर करने का निर्देश दिया था, जिसके अनुपालन में उन्होंने पुलिस के सामने पेश होकर खुद को कानून के हवाले कर दिया. यह मामला 6 जुलाई को ठाणे के एक अस्पताल में हुई उस घटना से जुड़ा है, जिसमें नवजात शिशु को एनआईसीयू में भर्ती नहीं किए जाने पर विवाद के दौरान दो डॉक्टरों के साथ कथित मारपीट की गई थी. आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद रमेश म्हात्रे ने महिला डॉक्टर सहित चिकित्सा कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की.

**अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान**
(विश्वविद्यालय समतुल्य)
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संगठन, भारत सरकार
गोवंडी स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई – 400088
संपर्क विवरण: टेलीफ़ोन: 91-22-42372428 एवं मो.- 8356962900
ईमेल : distanceeducation@iipsindia.ac.in वेबसाइट : www.iipsindia.ac.in

**दूरस्थ कायक्रर्म के लिए प्रवेश घोषणा – शैक्षिणक सत्र जुलाई–अगस्त, 2026–27**

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन वर्ष 1956 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन, शेक्षणिक सत्र **जुलाई–अगस्त 2026–27** के लिए जनसंख्या अध्ययन में एम.ए. (दूरस्थ शिक्षण माध्यम) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।
**ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 19 अगस्त, 2026 अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.iipsindia.ac.in पर जाएँ**

निदेशक और वरिष्ठ प्रोफेसर, आईआईपीएस

# डूरंड लाइन पर पाक सेना ने छोड़ीं चौकियां

नई दिल्ली, 19 जुलाई . पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत को लेकर निर्वासित बलूच नेता मीर यार बलूच ने दावा किया है कि हालिया संघर्षों के बाद पाकिस्तानी सेना ने डूरंड लाइन के निकट कुछ चौकियां खाली कर दी हैं .

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दो वीडियो साझा करते हुए कहा कि बलूच लड़ाके इन छोड़ी गई चौकियों को हटाकर अपने नियंत्रण वाले सीमा चौकियों का निर्माण कर रहे हैं . हालांकि, इन दावों की किसी स्वतंत्र स्रोत से पुष्टि नहीं हुई है और पाकिस्तान सरकार या सेना की ओर से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है . मीर यार बलूच ने अपने पोस्ट में कहा कि यह घटना डूरंड लाइन के निकट जाबुल प्रांत के शमलजई जिले के सर जंगल क्षेत्र की एक सीमा चौकी से जुड़ी है . उनके अनुसार, बलूच समूहों ने कथित रूप से पाकिस्तानी सेना द्वारा खाली की गई चौकियों को बुलडोजर की सहायता से हटाया . सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में भी ऐसी गतिविधियां दिखाई देने का दावा किया जा रहा है, वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है . अपने बयान में मीर यार बलूच ने यह भी कहा कि भविष्य में बलूचिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा सुरक्षा सहयोग की व्यवस्था विकसित करने की संभावना है . उनके अनुसार, इसका उद्देश्य सीमा क्षेत्रों में समन्वय बढ़ाना और अवैध घुसपैठ रोकना होगा . यह भी स्पष्ट नहीं है कि इस प्रस्ताव को किसी आधिकारिक स्तर पर समर्थन प्राप्त है या नहीं . बलूचिस्तान लंबे समय से सुरक्षा चुनौतियों और अलगाववादी हिंसा का केंद्र रहा है . विभिन्न बलूच उग्रवादी संगठन पाकिस्तान सरकार और सुरक्षा बलों पर मानवाधिकार उल्लंघन, संसाधनों के दोहन और स्थानीय आबादी की उपेक्षा के आरोप लगाते रहे हैं . दूसरी ओर, पाकिस्तान सरकार इन समूहों को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन मानती है और उन पर हिंसक गतिविधियों तथा सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमलों के आरोप लगाती है . फिलहाल डूरंड लाइन पर चौकियां छोड़े जाने या सेना के पीछे हटने संबंधी दावों की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध नहीं है . ऐसे में इस मामले को लेकर आधिकारिक जानकारी और विश्वसनीय स्रोतों से पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है .



## हस्तियों के ट्वीट



केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि भारत की कलात्मक विरासत में ऐसी क्षमता है जो ग्लोबल मार्केट के लिए पूरी तरह तैयार है . वित्त मंत्री निर्मलासीतारमण का यह जानकारीपूर्ण लेख पढ़ें, जिसमें उन्होंने तिरुवल्लूर में एक वस्त्रकला वर्कशॉप के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा है कि कैसे भारत की पारंपरिक कलाओं में अपनी सदाबहार खासियत को बनाए रखते हैं .



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आज प्रदेश पुलिस मुख्यालय पहुँचकर साइबर क्राइम कंट्रोल को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की . राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर का अवलोकन कर कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की जानकारी ली . साइबर क्राइम को पूर्णतः नियंत्रित करने तथा इस दिशा में सभी आवश्यक सुविधाएं एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार सतत कार्यरत है .

**कार्यालय नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Subhash ward, Narsinghpur Phone: 07792-230402) Email: cmonarsinghpur@mpurban.gov.in)

पत्र क्रं . 1218/ ई-टेण्डर/ 2026-27
**निविदा सूचना**
नरसिंहपुर दिनांक :- 16/07/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_521406_1 16/07/2026 | नगर पालिका परिषद, नरसिंहपुर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये एलम, ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरीन गैस सिलेण्डर प्रदाय कार्य। | 07 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 03/08/2026 |
| 2. | 2026_UAD_521407_1 16/07/2026 | नगर पालिका नरसिंहपुर हेतु मशीनरी (ट्रेक्टर-ट्रॉली) किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य। | 07 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 03/08/2026 |
| 3. | 2026_UAD_521408_1 16/07/2026 | नगर पालिका नरसिंहपुर के ट्रेंचिंग ग्राउण्ड से वेस्ट टू एनर्जी प्लांट जबलपुर तक कचरा परिवहन कार्य। | 07 माह 4000000.00 | 2000.00 40000.00 | 20/08/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, नरसिंहपुर**